


कालेज कोड-2741
फार्म नं0 –

# श्री विश्वनाथ कालेज ऑफ पालीटेक्निक

**कलान, सुल्तानपुर, उ० प्र० पिन कोड- 228171**

**मान्यता - अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा (AICTE),नई दिल्ली**
**सम्बद्ध - प्राविधिक शिक्षा परिषद, लखनऊ, ऊ०प्र०।**

**पताः निकट बिलवाई रेलवे स्टेशन**

**Contact No-: 9565918273, 8271941725**
**Website :- www.svncp.in**
**ई-मेल- svcopl.kalan@gmail.com**

# संक्षिप्त परिचय

| नाम | श्री विश्वनाथ कालेज ऑफ पालीटेक्निक |
|---|---|
| कालेज कोड | 2741 |
| पता | कलान,कादीपुर सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश (228171) निकट बिलवाई रेलवे स्टेशन |
| संपर्क सूत्र | 9565918273, 8271941725 |
| मान्यता | अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा (AICTE) |
| सम्बद्धता | प्राविधिक शिक्षा परिषद, लखनऊ, ऊ०प्र०। |
| E-Mail | Svcopl.kalan@gmail.com |
| Website | www.svncp.in |
| Latitude/Longitude | 26.1568 N, 82.6733 E |



श्री विश्वनाथ कालेज ऑफ पालीटेक्निक, श्री विश्वनाथ ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्युशन का एक हिस्सा है जो उत्तर प्रदेश में तकनीकी शिक्षण के लिये उत्कृष्ट केन्द्र के रूप में उभरा है । जनपद सुल्तानपुर के पूर्वी छोर पर स्थित जौनपुर, आजमगढ और अम्बेडकर नगर की सीमाओं से लगे श्री विश्वनाथ कालेज ऑफ पालीटेक्निक (2741) की स्थापना सन् 2018 में हुई है । यह भगवान शिव की नगरी काशी एंव भगवान राम की नगरी अयोध्या को जोड़ने वाली मुख्य सम्पर्क राज्य-मार्ग NH35A, शाहगंज जंक्शन से 12 KM उत्तर दिशा की ओर कलान में स्थित है । संस्थान की स्थापना आराध्य देव भगवान शिव के महिमायी स्मृति में हुई है। संस्थान का आरम्भ सन् 1972 में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित श्री विश्वनाथ इण्टर कालेज के रूप में हुआ जो क्रमशः श्री विश्वनाथ पी० जी० कालेज, श्री विश्वनाथ कालेज ऑफ फार्मेसी, श्री विश्वनाथ कालेज ऑफ पालीटेक्निक, श्री विश्वनाथ निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पार्वती महिला महाविद्यालय, श्री विश्वनाथ शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान, शिवब्रत सिंह चिल्ड्रेन एकेडमी के रूप में स्थापित होकर सर्वसमाज को शिक्षित करने के अभियान में निरन्तर प्रयत्नशील है। आज श्री विश्वनाथ इण्टर कालेज के विज्ञान, मानविकी, वाणिज्य एंव व्यवसायिक पाठ्यक्रम में लगभग 9000 विद्यार्थी अध्यनरत है । श्री विश्वनाथ पी० जी० कालेज, कलान सुल्तानपुर में संचालित स्नातक कला, विज्ञान, कृषि, परास्नातक विज्ञान, परास्नातक कृषि, बी.एड., बी.पी.एड., बी.टी.सी., बी. बी. ए., एंव बी.सी.ए. पाठ्यक्रम में लगभग 18,500 विद्यार्थी अध्यनरत है । श्री विश्वनाथ कालेज ऑफ पालीटेक्निक में लगभग 1200 विद्यार्थी श्री विश्वनाथ कालेज ऑफ फार्मेसी 360 विद्यार्थी, श्री विश्वनाथ निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में लगभग 500 विद्यार्थी एंव शिवब्रत सिंह चिल्ड्रेन एकेडमी में लगभग 3000 विद्यार्थी अध्यनरत है । श्री विश्वनाथ ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्युशन के अन्तर्गत संचालित समस्त संस्थानों में लगभग 33000 विद्यार्थी अध्यनरत है एंव लगभग 2000 कर्मचारी कार्यरत है । संस्थान का अपना भव्य भवन विशाल प्रांगण है जो सरम्य एंव शांतिपूर्ण वातावरण में स्थित है । संस्थान विशाल अध्यनकक्षों, पुस्तकालय/वाचनालय, भव्य खेल का मैदान सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं से ससज्जित एंव आवागमन की सुविधाओं से परिपूर्ण है । विगत वर्षों में रोजगार सम्बन्धित विभिन्न कम्पनियों ने परिसर साक्षात्कार एंव रोजगार 10,000 विद्यार्थियों को अलग- अलग क्षेत्रों में चयनित किया है । आगामी वर्षों में चिकित्सा क्षेत्र में जैसे नर्सिंग कालेज, टेक्निकल क्षेत्र में बी० टेक० एंव एम० बी० ए० जैसे पाठ्यक्रम संस्थान की प्राथमिकताओं में है । छात्र-छात्राओ द्वारा नियमित पठन- पाठन, ड्रेस कोड, अनुशासन, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, व्यायामशाला, पुस्तकालय, स्टेडियम, शत - प्रतिशत परीक्षाफल, कार्पोरेट क्षेत्रों द्वारा कैम्पस सेलेक्शन 33000 विद्यार्थी एंव 2000 कर्मचारी इसकी सफलता की कहानी स्वंय कहते है । इन सबके अतिरिक्त अनेक उपलब्धियां अभी अनछुई हैं । जिसपर हम दृढतापूर्वक अग्रसर है ।

**।। मंजिल से हम दूर है, मंजिल हमसे दूर नहीं ।।**



# सन्देश

**"शिक्षा जीवन में दुख और अंधकार का समूल नाश करती है, कायिक वाचिक और मानशिक सुख की अनुभूति कराती है"**
महामना पं० मदन मोहन मालवीय का यह आप्त वाक्य मेरी निःस्वार्थ साधना की प्रेरणा रहा है ।

संस्था के स्थापना से जुडे हुए किसी भी व्यक्ति के लिये वह संस्था मानस संतान होती है । यह किसी और ने भले ही कहा हो, मेरा नितांत व्यक्तित्व अनुभव रहा है, जिसे श्री विश्वनाथ कालेज ऑफ पालीटेक्निक कलान के प्रबन्धक के रूप में मैने स्वंय प्राप्त किया है । उपरोक्त आप्त भावना, अपने पूरे जीवन के सचेष्ट व्यक्तित्व प्रयत्न, उदारमना क्षेत्रीय जनों का सहगामियों-अनुगामियों के सहयोग से मैने इस संस्था को इस मुकाम तक पहुचाया है । इसे मै अपनी उपलब्धि नहीं, दायित्व मानता हुं । इसका मुझे गर्व है कि अत्यल्प संसाधनों से आरंभ आज यह संस्थान पूरे प्रदेश स्तर पर ख्याति प्राप्त है एंव इस बात का संतोष भी है कि स्थानीय जनमानस इससे लाभान्वित हुआ है ।

मुझे विश्वास है कि श्री विश्वनाथ कालेज ऑफ पालीटेक्निक समस्त परिवार संस्थान के अनवरत प्रगति हेतु निस्पृहः, निष्काम भाव से संकल्पित होकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते रहेंगे ।

**भोलानाथ सिंह**
संस्थापक/प्रबन्धक
श्री विश्वनाथ ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्युशन
कलान,सुल्तानपुर



# सन्देश

**“महात्मा गांधी ने कहा था शिक्षा से मेरा तात्पर्य बच्चे और मनुष्य के शरीर, मन और आत्मा के सर्वोत्तम गुणों से है” ।**

आज जबकि भौतिकता की अंधी दौड में हमारा समाज भागा जा रहा है, शिक्षा का व्यवसायीकरण हो रहा है वही अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित यह संस्थान पूर्णतः वैज्ञानिक व आधुनिकतम शिक्षा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है । एक ऐसी शिक्षा जो विद्यार्थी के व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास का अवसर और राष्ट्र निर्माण की क्षमता प्रदान करे । छात्रों का एकीकृत विकास न केवल उन्हे ज्ञान प्राप्त करने, कौशल प्राप्त करने, दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करेगा बल्कि उन्हे सर्वश्रेष्ठ मानव बनाने में भी मदद करेगा ।

मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है आपको यह बताते हुए कि हमारी संस्था श्री विश्वनाथ कालेज ऑफ पालीटेक्निक कलान, सुल्तानपुर का प्रयास न केवल सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम पर ध्यान केद्रित करता है अपितु एक छात्र व्यक्तित्व, प्रयोगात्मक गतिविधियां और सभी परिपेक्ष्य के विकास में मदद करता है ।

यह आपको उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिये आवश्यक हर सुविधाओं से परिपूर्ण हो कर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है । यह हमारे दृढ़ संकल्प है क्योकि “एक इच्छा कुछ नही बदल सकती है, एक निर्णय कुछ नही बदल सकता है, लेकिन एक संकल्प सब कुछ बदल सकता है” ।

मै सभी छात्रों को उनके करियर में शानदार सफलता का और उनके भावी जीवन में समृद्वि की कामना करता हूँ ।

**अरूण कुमार**
**(प्राधानाचार्य)**
श्री विश्वनाथ कालेज ऑफ पालीटेक्निक
**कलान,सुल्तानपुर**

## संचालित शाखएँ

(As approved by AICTE, New Delhi, Govt. of India and department of higher Education)

| Sr. No. | शाखाएं | उपलब्ध सीट (संस्थागत) | उपलब्ध सीट (लेटरल प्रवेश) |
|---|---|---|---|
| 01 | सिविल इंजीनियरिंग | 60 | 06+01 (EWS) |
| 02 | मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 60 | 06+01 (EWS) |
| 03 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 90 | 06+01 (EWS) |
| 04 | कम्प्यूटर सांइस एंव इंजीनियरिंग | 60 | 06+01 (EWS) |
| 05 | इलेक्ट्रानिक्स एंव कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग | 30 | 06+01 (EWS) |

## प्रवेश हेतु योग्यता/अर्हता

| समूह | पाठ्यक्रम | अवधि | न्यूनतम शैक्षिणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| A | डिप्लोमा इंजीनियरिंग (सिविल,मैकेनिकल,इलेक्ट्रिकल,कम्प्यूटर सांइस एंड इंजीनियरिंग,इलेक्ट्रानिक्स एंव कम्यूनिकेशन ) | तीन वर्ष | हाईस्कूल न्यूनतम 35 % के साथ उत्तीर्ण । |
| K | डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में द्वितीय वर्ष में प्रवेश (लेटरल प्रवेश) | दो वर्ष | इण्टरमीडियट विज्ञान (गणित) वर्ग के साथ उत्तीर्ण अथवा हाईस्कूल के साथ दो वर्षीय आई० टी० आई० उपयुक्त विशेषज्ञता के साथ उत्तीर्ण । |

## प्रवेश प्रक्रिया

1- JEECUP संयुक्त प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होकर काउन्सलिंग के द्वारा प्रवेश प्राप्त कर सकते है ।

2- संस्थान में समस्त मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो कर सीधे प्रवेश कर सकते है ।

3-. आयु - प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी की आयु कम से कम 14 वर्ष तथा अधिकतम आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं है ।

4- शुल्क विवरण - सभी शाखाओं का शुल्क प्राविधिक शिक्षा परिषद, लखनऊ, उ० प्र० के अनुसार है ।

**नोट -: सभी शाखाओं में छात्राओं के प्रवेश लेने पर निर्धारित शुल्क में 10 प्रतिशत की छूट प्रदान है ।**

# इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग



**इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग,** इंजीनियरिंग की एक ऐसी शाखा है जिसमे मुख्य रूप से विद्युत मशीनों की कार्य विधि एंव डिजाइन, विद्युत ऊर्जा का उत्पादन, संचरण, वितरण, उपयोग तथा विद्युत ट्रांसफार्मर इत्यादि का अध्ययन किया जाता है ।



इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्रों को रेलवे, पावर ग्रिड, BHEL, UPPCL, NTPC, BEL, सौर ऊर्जा संयन्त्रों, भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना आदि कई प्रकार की नौकरियों के अवसर प्राप्त होते है ।

## सम्बन्धित प्रयोगशाला –:

- बेसिक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग लैब
- एनालॉग इलेक्ट्रानिक्स लैब
- इलेक्ट्रिकल मशीन- I लैब
- इलेक्ट्रिकल मशीन- II लैब
- इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रानिक्स & कंट्रोल लैब
- पी० एल० सी०, माइक्रोकंट्रोलर & स्काडा लैब



# मैकेनिकल इंजीनियरिंग



**मैकेनिकल इंजीनियरिंग** इंजीनियरिंग की सबसे पुरानी शाखाओं में से एक है, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के अन्तर्गत विद्यार्थी मशीनों की बनावट निर्माण आदि के बारे में अध्ययन किया जाता है ।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद ऐरो स्पेस इंजीनियरिंग, मोटर वाहन इंजीनियरिंग, यांत्रिक इंजीनियरिंग, परमाणु इंजीनियरिंग, मेंटेनेंस इंजीनियरिंग, इस्पात उत्पादन आदि क्षेत्रों में कई प्रकार की नौकरियों के अवसर प्राप्त होते है ।

## सम्बन्धित प्रयोगशाला –:



- थर्मल इंजीनियरिंग लैब
- मैकेनिक्स आफ सॉलिड लैब
- कम्प्युटर एडेड डिजाइन लैब
- वर्कशाप टेक्नोलाजी लैब
- हाइड्रोलिक एंड न्यूमेटिक लैब
- रेफ्रिजरेशन & एयर कंडीशनिंग लैब
- बेसिक मैकेनिकल इंजीनियरिंग लैब
- ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग लैब



## कम्प्यूटर सांइस एंव इंजीनियरिंग







**कम्प्यूटर सांइस एंव इंजीनियरिंग** एक इंजीनियरिंग अनुशासन है जो प्रोग्रामिंग भाषाओं, प्रोग्राम डिजाइन, कम्प्यूटर हार्डवेयर और कम्प्यूटर विज्ञान के कई क्षेत्रों को एकीकृत करता है ।

**कम्प्यूटर सांइस एंव इंजीनियरिंग** के छात्रों को साप्टवेयर डेवलपर, हार्डवेयर इंजीनियर, सिस्टम एनालिस्ट, सिस्टम डिजाइनर, नेटवर्क इंजीनियर के रूप में नौकरियों के अवसर प्राप्त होते है ।

### सम्बन्धित प्रयोगशाला -:

- कम्प्यूटर सुचना लैब
- मल्टीमीडिया और एनिमेशन लैब
- जावा प्रोग्रामिंग लैब
- डी.बी.एम.एस. लैब
- C/C++ प्रोग्रामिंग लैब

## सिविल इंजीनियरिंग







सिविल अभियंत्रण विभाग इंजीनियरिंग क्षेत्र की एक शाखा है, जिसके अन्तर्गत संरचनाओं का निर्माण जैसे - भवन निर्माण, पुल निर्माण, रेलवे निर्माण, जलाशय निर्माण कार्य आदि कार्य सम्मिलित है । इसे सैन्य इंजीनियरिंग से अलग करने के लिए असैनिक इंजीनियरिंग के रूप में परिभाषित किया गया है ।

सिविल इंजीनियरिंग हर स्तर पर होती है सार्वजनिक क्षेत्र में नगर पालिका के क्षेत्र से संघीय स्तर तक और निजी क्षेत्र में व्यक्तिगत घरों के मालिको से अन्तराष्ट्रिय कंपनियो तक ।

### सम्बन्धित प्रयोगशाला -:

- कंक्रिट तकनीकी प्रयोगशाला
- सर्वेक्षण प्रयोगशाला
- मृदा अभियात्रिंक प्रयोगशाला
- द्रव एंव द्रव चालित मशीन प्रयोगशाला
- महामार्ग प्रयोगशाला
- अपशिष्ट जल प्रयोगशाला
- संरचनात्मक प्रयोगशाला

# इलेक्ट्रानिक्स एंव कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग







**इलेक्ट्रानिक्स एंव कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग** इंजीनियरिंग की एक महत्वपूर्ण शाखा है, जिसमे दूर संचार प्रणाली, इलेक्ट्रॅानिक्स, कम्प्युटर और औद्योगिक क्षेत्रों में सम्बन्धित इलेक्ट्रॅानिक्स उपकरणों और प्रौद्योगिक मुद्दो का उत्पादन, डिजाइन, अनुसंधान और परीक्षण शामिल है ।

**इलेक्ट्रानिक्स एंव कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग** के छात्रों को इलेक्ट्रॅानिक्स, टेलिकम्यूनिकेसन, ब्राडकास्टिंग, डेटा कम्यूनिकेशन, एंटरटेनमेन्ट आदि नौकरियों के अवसर प्राप्त होते है ।

## सम्बन्धित प्रयोगशाला -:

- इलेक्ट्रिकल मशीन- I लैब
- इलेक्ट्रिकल मशीन- II लैब
- इलेक्ट्रॅानिक्स कम्पोनेंन्टस एंड डिवाइसेस लैब
- इलेक्ट्रॅानिक्स डिवाइसेस सर्किट्स लैब
- डिजिटल इलेक्ट्रॅानिक्स लैब

# पुस्तकालय







संस्थान में एक विशाल पुस्तकालय है जिसमें सभी विषयों के अध्ययन सामाग्री, संदर्भ पुस्तकों, पत्रिकाओं, समाचार पत्रों और शैक्षिक सीडी पर हजारों से अधिक पुस्तकों का एक उत्कृष्ट संग्रह है, जिससे छात्रों को विकास के बारे में जागरूक रहने में मदद मिलती है कालेज पुस्तकालय आनलाइन पुस्तकालय प्रबंधन साप्टवेयर के साथ स्वचालित है जो पुस्तकालय के लगभग सभी कम्प्यूटरों और कालेज के विभिन्न विभागों को जोडता है ।

| Library Statics | |
|---|---|
| **Titles** | 600 |
| **Volumes** | 5000 |
| **Journals & Periodicals** | 16 |
| **Project Thesis** | 100 |
| **Multimedia CDs** | 5 |
| **Online Databases** | IEEE, K-Hub Engineering, DELNET ,,NDLI and NPTEL |
| **E-books** | 35,263 |
| **Plagiarism Software** | LMS |
| **Special Reference Books** | 600 |
| **Daily Checkouts** | 300 |

# अनुशासन सम्बन्धी निर्देश

- विद्यालय अनुशासन के संबंध में किसी भी प्रकार से शिथिल नहीं है, अतः प्रत्येक छात्र को प्रवेश छात्र को प्रवेश के बाद विद्यालय की अनुशासन में ही रहना होगा ।
- संस्थान के समस्त छात्र छात्राओं के लिए विशेष परिधान की व्यवस्था लागू है, सभी छात्र छात्राओं को उसका पालन करना अनिवार्य है -

  1. छात्रों हेतु काला पैंट हरी कमीज व छात्राओं के लिए हरा सलवार, शमीज और दुपट्टा है ।
  2. समस्त छात्र छात्राओं के लिए काला जूता व सर्दी में हरे रंग का स्वेटर/कार्डिगन/ब्लेजर निर्धारित गणवेश है ।

- विद्यालय में पंजीकृत सभी विद्यार्थी को प्रतिदिन निर्धारित गणवेश में आना होगा, इस नियम में किसी भी प्रकार की शिथिलता अस्वीकार्य होगी ।
- विद्यालय में पंजीकृत सभी विद्यार्थी ही विद्यालय परिसर में प्रवेश के अधिकारी होगें तथा विद्यार्थी को अपनी पहचान के लिये विद्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र प्रतिदिन लेकर आना होगा अन्यथा कि स्थिति में विद्यालय परिसर में प्रवेश से रोका जा सकता है ।
- गम्भीर समस्या व अन्य आकस्मिक दशाओं में विशेष अवकाश हेतु प्रधानाचार्य की अनुमति आवश्यक होगी ।
- किसी भी विद्यार्थी को विद्यालय में सेल फोन अथवा अन्य दुरसंचारोपकरण लाने की अनुमति नहीं है । संस्था में एंव संस्था परिसर के आस पास नशीले पदार्थ का पूर्णतः वर्जित है ।
- किसी भी प्रकार की अनुशासनिक असुविधा होने पर विद्यार्थी प्रधानाचार्य व अनुशासन समिति को अवगत करायेगा ।
- यदि कोई विद्यार्थी रैगिंग या इससे संबन्धी किसी भी गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है तो उसे संस्थान से निष्कासित कर दिया जायेगा अथवा अन्य प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी ।
- यदि कोई विद्यार्थी अन्य विद्यार्थी अथवा असमाजिक तत्व द्वारा प्रताड़ित किया जाता है तो वह उसकी सूचना सीधे प्रधानाचार्य को देगा जिस पर त्वरित उचित कार्यवाही होगी परन्तु किसी भी विद्यार्थी को स्वयं अनुशासनहीनता करने की अनुमति कदापि नहीं है ।
- विद्यार्थी के अभिभावक समय समय पर विद्यालय से सम्पर्क कर विद्यार्थी की प्रगति आख्या प्राप्त करते रहें जिससे विद्यार्थी के भविष्य व चरित्र निर्माण में सुविधा होगी ।

# ट्रेनिंग एंड प्लेसमेन्ट सेल

- संस्था में अनुभवी प्रोफेशनल्स को लेकर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की स्थापना की गयी है जिससे अंतिम वर्ष में कैम्पस इण्टरव्यू के माध्यम से अच्छी कम्पनियां में रोजगार दिलाया जा सके ।
- ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने अब तक विभिन्न इंडस्ट्रियल कम्पनी, कई उद्योगों से सम्पर्क करके लगभग 300 से अधिक विद्यार्थियों का चयन करा चुका है ।

**सत्र–: 2022–23**

| क्र. सं. | कम्पनी | चयनित विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | धुत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड पूणे महाराष्ट्र | 55 |
| 02 | ओ.एम.आर. बगला आटोमोटिव सिस्टम इंडिया लि० औरंगाबाद | 25 |
| 03 | बी.एम.आर.एच.वी.सी. लि० पूणे महाराष्ट्र | 18 |




**सत्र–: 2021–22**

| क्र. सं. | कम्पनी | चयनित विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | आटो एन्सियलिटी प्राइवेट लिमिटेड औरंगाबाद | 40 |
| 02 | धुत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गांव | 19 |
| 03 | धुत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड, औरंगाबाद | 20 |
| 04 | बी.जी.एल.आई. इन इलेक्ट्रिकल लिमिटेड, औरंगाबाद | 14 |



**सत्र–: 2021–22**

| क्र. सं. | कम्पनी | चयनित विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | धुत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड पूणे महाराष्ट्र | 45 |
| 02 | धुत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड, औरंगाबाद | 16 |
| 03 | रूचा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, औरंगाबाद | 25 |
| 04 | सवेरा ऑटो कॉम्पोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड | 18 |



# कैम्पस प्लेसमेन्ट में विभिन्न कम्पनियों द्वारा 2022-23 में चयनित छात्र

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
|  | **Aman Yadav**<br>Civil Eng.<br>**-:** Dhoot transmission Pune |  | **Vinod Kumar**<br>Civil Eng.<br>**Company -:** Dhoot transmission Pune |  | **Priyanka**<br>Civil Engg.<br>**Company-:**Dhoot transmission Pune |  | **Sonam Raj**<br>Civil Eng.<br>**Company -:** Dhoot transmission Pune |
|  | **Neha**<br>Civil Eng.<br>**Company -:** Dhoot transmission Pune |  | **Ankur Pal**<br>Civil Eng.<br>**Company -**: Dhoot transmission Pune |  | **Vipin Yadav**<br>Civil Eng.<br>**Company -:** Dhoot transmission Pune |  | **Sujeet Kumar Sahu**<br>Civil Eng.<br>**Company -:** Dhoot transmission Pune |
|  | **Kartik Patel**<br>Civil Eng.<br>**Company -:** Dhoot transmission Pune |  | **Amiya Krishna Upadhyay**<br>Civil Eng.<br>**Company -:** Dhoot transmission Pune |  | **Saurabh Dubey**<br>Mech. Eng.<br>**Company -:** OMR Bagala pvt. Lmt |  | **Pawan Rajbhar**<br>Mech. Eng.<br>**Company -:** OMR Bagala Pvt. Lmt |
|  | **Harsh Mishra**<br>Mech. Eng.<br>**Company -:** OMR Bagala pvt. Lmt. |  | **Mahendra Maurya**<br>Mech. Eng.<br>**Company -:** OMR Bagala Pvt. Lmt |  | **Rohit**<br>E.C.E.<br>**Company -:** Dhoot transmission Pune |  | **Vishal Prajapati**<br>Electrical Eng.<br>**Company -:** OMR Bagala Pvt. Lmt |
|  | **Yashwant Kumar**<br>Electrical Eng.<br>**Company -:** Dhoot transmission Pune |  | **Sundaram Dubey**<br>Electrical Eng.<br>**Company -:** OMR Bagala pvt. Lmt. |  | **Anushka Yadav**<br>C.S. Eng.<br>**Company -:** Dhoot transmission Pune |  | **Priyanshu Yadav**<br>Electrical Eng.<br>**Company -:**Jonson Lift Pt.Lt Noida |
|  | **Prem Prakash**<br>Electrical Eng.<br>**Company-:**Dhoot transmission Pune. |  | **Harsh Kumar**<br>Electrical Eng.<br>**Company-**: Jonson Lift Pt.Lt Noida |  | **Chandan Kumar**<br>Electrical Eng.<br>**Company -:** Jonson Lift Pt.Lt Noida |  | **Rajveer Singh**<br>Electrical Eng.<br>**Company -:**Jonson Lift Pt.Lt Noida |
|  | **Sundaran Debey**<br>Mech. Eng<br>**Company -:** OMR Bagala Pvt. Lmt |  | **Gaurav Nishad**<br>Mech. Eng.<br>**Company -:** OMR Bagala Pvt. Lmt |  | **Neeraj Gautam**<br>Mech. Eng<br>**Company -:** OMR Bagala Pvt. Lmt |  | **Prashant Pandey**<br>Mech. Eng<br>**Company -:** OMR Bagala Pvt. Lmt |
|  | **Aman Yadav**<br>Civil Eng.<br>**Company-:**Dhoot transmission Pune |  | **SantoshPrajapati**<br>Civil Eng.<br>**Company -:** Dhoot transmission Pune |  | **Chandan Kumar**<br>Electrical Eng.<br>**Company -:**Jonson Lift Pt.Lt Noida |  | **Ashwani Kuma**<br>Mech. Eng<br>**Company -:** OMR Bagala Pvt. Lmt |
|  | **Vartika Singh**<br>C.S.E.<br>**Company -:**Dhoot transmission Pune |  | **Shakti Kr.Mishra**<br>C.S.E.<br>**Company -:**Dhoot transmission Pune |  | **Divanshu**<br>C.S.E.<br>**Company :**Dhoot transmission Pune |  | **Ayush Singh**<br>C.S.E.<br>**Company -:**Dhoot transmission Pune |

# समाचार गैलरी

## मेले में 132 विद्यार्थियों को मिला रोजगार

व्यावसायिक गतिविधि



सुल्तानपुर। रोजगार मेले में 132 विद्यार्थियों का चयन अलग-अलग कंपनियों में किया गया। श्री विश्वनाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन कलान की ओर से सोमवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में रोजगार मेला लगाया गया। इसमें कुल 240 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान संस्थापक व प्रबंधक भोलानाथ सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के अंदर मौजूद प्रतिभा को निखारने के लिए संस्थान सदैव प्रयत्नशील रहेगा। इस दौरान जॉन्सन लिफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड नोयडा, एवर इलेक्ट्रॉनिक्स पुणे महाराष्ट्र, धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड, बीएमआर एचवीएसी लिमिटेड, ओएमआर बगला आटोमेटिव सिस्टम इंडिया लिमिटेड औरंगाबाद आदि कंपनियों ने विद्यार्थियों का इंटरव्यू लेने के बाद सेलेक्शन किया। इस मौके पर श्री विश्वनाथ पीजी कॉलेज के कुलानुशासक डॉ. वेद प्रकाश सिंह, प्लेसमेंट प्रभारी अयोध्या मंडल एचएन

## टबलेट-स्मार्टफोन पाकर खिले चेहरे

### एनपीएस लॉ कॉलेज और आईटीआई में वितरित हुए 216 टैबलेट/स्मार्टफोन

संवाद न्यूज एजेंसी

सुल्तानपुर। युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए प्रदेश सरकार की ओर से आवंटित टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित करने की प्रक्रिया में तेजी आई है। बुधवार को श्री विश्वनाथ पीजी कॉलेज में परास्नातक के 1330 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। वहीं एनपीएस लॉ कॉलेज व आईटीआई में 216 विद्यार्थियों को योजना का लाभ मिला।

श्री विश्वनाथ पीजी कॉलेज कलान में कादीपुर विधायक राजेश गौतम, अखंडनगर ब्लॉक प्रमुख करिश्मा गौतम, श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज के प्रबंधक शशि प्रकाश सिंह की उपस्थिति में टैबलेट वितरण कार्यक्रम हुआ। प्रबंधक भोलानाथ सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से विद्यार्थियों को तकनीकी सशक्तिकरण में सहायता मिलेगी। कॉलेज में एमएससी, एमए,

### श्री विश्वनाथ पीजी कॉलेज में 1330 विद्यार्थियों को मिले टैबलेट



श्री विश्वनाथ पीजी कॉलेज कलान में टैबलेट वितरित करते कादीपुर विधायक। -संवाद

प्रकाश सिंह, प्रशासनिक अधिकारी अतुल कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह मौजूद रहे।

नरेंद्र प्रताप सिंह कॉलेज ऑफ लॉ चांदपुर सैदोपट्टी में एलएलबी पंचम सेमेस्टर व आईटीआई के 216 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरित किया गया।

### आईटीआई के छात्रों को मिले टैबलेट

सुल्तानपुर। शासन से आवंटन के बाद टैबलेट व स्मार्ट फोन का वितरण जारी है। मंगलवार को रवनिया पूरब गांव स्थित टेक्नो ग्रुफ ऑफ प्राइवेट आईटीआई में छात्रों को टैबलेट का वितरण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राणा प्रताप पीजी कॉलेज के भूगोल विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. गोविंद प्रसाद गुप्ता ने सरकार की योजना को सराहा। प्रधानाचार्य किरण उपाध्याय ने बताया कि सभी छात्रों को मुख्य अतिथि की ओर से टैबलेट का वितरण किया गया। इस मौके पर बीएसएनएल के डीजीएम केके उपाध्याय, वात्सल्य उपाध्याय, राम अक्षयवर विश्वकर्मा व शिवाकांत उपाध्याय मौजूद रहे। (संवाद)

टैबलेट/स्मार्टफोन वितरित किए गए। इस

## संस्थान के आधार होते हैं कर्मचारी : राजेश गौतम



सुल्तानपुर। श्री विश्वनाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन कलान के तत्वावधान में शुक्रवार को कर्मचारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चयनित कर्मचारियों को कादीपुर विधायक राजेश गौतम व संस्थान के प्रबंधक भोलानाथ सिंह ने सामूहिक रूप से पुरस्कृत किया। विधायक राजेश गौतम ने कहा कि किसी भी संस्थान के लिए कर्मचारी ही आधार होते हैं। इस मौके पर कुलानुशासक डॉ. वेद

व्यावसायिक गतिविधि

## 137 विद्यार्थियों को मिला नियुक्ति पत्र



सुल्तानपुर। श्री विश्वनाथ प्राइवेट आईटीआई में आयोजित मेले में 137 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों की ओर से किया गया। नियुक्ति पत्र पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। रोजगार मेले में टाटा मोटर्स, धूत ट्रांसमिशन, सवेरा ऑटो कंपोनेंट्स व रुचा इंजीनियरिंग की ओर से विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया। आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण 185 विद्यार्थियों ने रोजगार मेले में प्रतिभाग किया। इसमें से 137 विद्यार्थियों का चयन किया गया। संस्थापक प्रबंधक भोलानाथ सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं ने विभिन्न कंपनियों में चयनित होकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की है। इस मौके पर श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज के प्रबंधक शशि प्रकाश सिंह, पीजी कॉलेज के कुलानुशासक डॉ. वेद प्रकाश सिंह, प्लेसमेंट प्रभारी एचएन शुक्ला, प्रशासनिक अधिकारी अतुल कुमार सिंह, आईटीआई के प्रधानाचार्य वैभव प्रताप सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे। (संवाद)

## वाचनालय से छात्र-छात्राओं को मिलेगा ज्ञानार्जन का मौका : उषा

संवाद न्यूज एजेंसी





अखंडनगर के कलान स्थित श्री विश्वनाथ पीजी कॉलेज में जिला पंचायत अध्यक्ष को बुद्ध की प्रतिमा देकर सम्मानित करते शिक्षक। -संवाद

सुल्तानपुर। अखंडनगर विकास क्षेत्र के कलान स्थित श्री विश्वनाथ पीजी कॉलेज में वाचनालय का अनावरण मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख बल्दीराय शिवकुमार सिंह ने किया।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह ने कहा कि बालिका शिक्षा, उनकी आत्मनिर्भरता एवं सशक्तीकरण आज की आवश्यकता है। वाचनालय से विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन का बेहतर अवसर मिलेगा। समारोह की अध्यक्षता श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज के प्रबंधक शशि प्रकाश सिंह ने की। समारोह को श्री विश्वनाथ पीजी कॉलेज के कुलाशासक डॉ. वेद प्रकाश सिंह, प्रशासनिक अधिकारी अतुल कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार के स्वागत भाषण से प्रारंभ हुआ। उदय प्रकाश ने अतिथियों के प्रति आभार जताया।

## दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को वितरित किए प्रमाणपत्र

संवाद न्यूज एजेंसी





श्री विश्वनाथ आईटीआई में विद्यार्थी को प्रमाणपत्र सौंपते अतिथि। संवाद

### श्री विश्वनाथ आईटीआई में हुआ आयोजन

सुल्तानपुर। अखंडनगर क्षेत्र के कलान स्थित श्री विश्वनाथ निजी आईटीआई में सोमवार को आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

समारोह के मुख्य अतिथि एवं संस्थान के संस्थापक भोलानाथ सिंह ने कहा कि विद्यार्थी अपने ज्ञान का उपयोग व्यक्तिगत विकास के साथ ... को गरिमापूर्ण आचरण करने और परिवार तथा ... श्री विश्वनाथ पीजी कॉलेज के कुलानुशासक डॉ. ... प्रधानाचार्य इं.

## विद्यार्थियों के मार्च पास्ट से शुरू हुई प्रतियोगिता



... खेल प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना ... है। खेल शरीर के साथ ही मन को भी स्वस्थ रखता है। यह ... सिंह चिल्ड्रेन एकेडमी में तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के ... अवसर पर प्रबंधक शशि प्रकाश सिंह ने कहीं। विद्यार्थियों के मार्च ... प्रतियोगिता शुरू हुई। विद्यालय के अंतर सदनीय प्रतियोगिता में ... सरस्वती व गोमती सदन के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। पहले ... वंदना व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस

## समारोहपूर्वक सम्मानित किए गए मेधावी

संवाद न्यूज एजेंसी





श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज कलान में मेधावी छात्रा को सम्मानित करते शिक्षक। -संवाद

सुल्तानपुर। मेधावियों ने पूरे प्रदेश में अपनी प्रतिभा से परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया है। अभावों से संघर्ष करते हुए ग्रामीणांचल की प्रतिभाओं ने अपनी मेधा का परिचय दिया है। ये बातें श्री विश्वनाथ शिक्षण समूह के कुलानुशासक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने शनिवार को सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहीं।

वर्ष 2023 की परिषदीय परीक्षा में राज्य एवं जिला स्तरीय टॉप टेन वरीयता सूची में चयनित श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज कलान के मेधावियों को समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन समूह के कुलानुशासक डॉ. वेद प्रकाश सिंह की ओर से किया गया।

सम्मान समारोह में राज्य वरीयता सूची में ... चेक प्रदान किया गया। हाईस्कूल की राज्य स्तरीय वरीयता सूची में नवम स्थान पर चयनित वैशाली गुप्ता को 25,000 एवं लाडली गुप्ता, शुभम शर्मा, निशा यादव को 11,000-11,000 रुपये का चेक प्रदान किया गया। ... रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। इसके अलावा सभी मेधावियों को टिफिन, थर्मस, घड़ी, अंगवस्त्र व परिधान से सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में विद्यालय के प्रबंधक शशि प्रकाश सिंह, श्री विश्वनाथ

### शेरफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में इंटर हाउस ...



सुल्तानपुर। शेरफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में शनिवार को छात्र-छात्राओं की ओर से इंटर हाउस डांस कंपटीशन का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा तीन से कक्षा नौ तक के छात्रों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के चारों हाउसों के बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किए।

कंपटीशन का प्रथम चरण ग्रुप डांस का तथा द्वितीय चरण सोलो डांस का था। ग्रुप डांस में ... प्रथम स्थान मिला जबकि सोलो डांस में ग्रीन हाउस की खुशी पांडे ... इसके अलावा रेड हाउस की आकांक्षा यादव, गोल्ड हाउस की ... स्नेहा तिवारी व वंशिका सिंह की प्रस्तुति सराहनीय रही। कार्यक्रम ... और सिमरा मोहिनी ने किया। प्रतियोगिता के लिए निर्णायक की भूमिका नीलिमा त्रिपाठी और जसप्रीत कौर ने निभाई।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति से शैक्षिक स्थिति में होगा सुधार

संवाद न्यूज एजेंसी

### श्री विश्वनाथ पीजी कॉलेज में हुई संगोष्ठी



श्री विश्वनाथ पीजी कॉलेज में संगोष्ठी को संबोधित करतीं अवध विवि की कुलपति। -संवाद

सुल्तानपुर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू कराने में शिक्षकों की महती भूमिका है। इस नीति से देश की शैक्षिक स्थिति में व्यापक सुधार होगा। यह बातें डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा ... ने अखंडनगर क्षेत्र के कलान ... विश्वनाथ पीजी कालेज में शैक्षिक संगोष्ठी में कहीं।

श्री विश्वनाथ कॉलेज के नवनिर्मित अतिथि गृह का बृहस्पतिवार को अवध विश्वविद्यालय की कुलपति ने फीता काटकर गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया। संस्थापक प्रबंधक भोलानाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी का कुलपति ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों के स्तर पर कई नई चीजें हो रहीं हैं।

कुलपति ने संस्थान के भौतिक परिवेश और व्यवस्था की सराहना की। इसके पूर्व स्वागत भाषण प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह ने दिया। इस मौके पर कुलानुशासक डॉ. वेद प्रकाश सिंह, प्रबंधक शशि प्रकाश ..., प्रशासनिक अधिकारी ... अन्य लोग मौजूद रहे।


आसपास amarujala.com


## राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता आज से

### इंदिरा गांधी स्टेडियम में भिड़ेंगी 18 मंडल की टीमें, तैयारियां पूरी

संवाद न्यूज एजेंसी





अरगूपुर कलां स्थित शिवव्रत सिंह चिल्ड्रेन एकेडमी के वार्षिकोत्सव समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र। संवाद

करंजाकला। सिद्धीकपुर स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में बुधवार से प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका वॉलीबॉल, हैंडबॉल और खोखो की प्रतियोगिता होगी। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के 18 मंडल की टीमें प्रतिभाग करेंगी।यहां करीब साढ़े सात सौ खिलाड़ी आएंगे। प्रतियोगिता की तैयारी पूरी कर ली गई है।

इंदिरा गांधी स्टेडियम में सब जूनियर बालिका हैंडबॉल, वॉलीबॉल और खोखो प्रतियोगिता की शुरूआत 28 दिसंबर से होगी। सभी टीमों को आमंत्रण पत्र भेजा जा चुका है। टीमों को ठहरने के लिए सेंट जॉन्स स्कूल सिद्धीकपुर और उमानाथ सिंह स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में स्थान बनाया गया है।

12 खिलाड़ियों व एक प्रशिक्षक या टीम मैनेजर के साथ हर एक मंडल से 13 सदस्य टीम के साथ आएंगे। तीनों खेलों को मिलाकर कुल 722 खिलाड़ी व कोच को रहने के लिए खाने व रहने का प्रबंध खेल विभाग ने किया है।

सभी खेलों का आयोजन सुबह सात बजे से शाम पांच बजे के बीच किया जाएगा। खेलों की संख्या ज्यादा देखते हुए हर एक खेल के लिए दो कोर्ट बनाए जा रहे हैं।

जिला क्रीड़ा अधिकारी अतुल कुमार सिन्हा ने बताया है कि तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। खिलाड़ियों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सुइथाकलां। शिवव्रत सिंह चिल्ड्रेन एकेडमी में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को किया गया। छात्रों ने जूनियर स्तर पर 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, खो-खो और कबड्डी प्रतियोगिता ओं में हिस्सा लिया। समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। विश्वनाथ इंटर कालेज के प्रबंधक शशिप्रकाश सिंह व उदय प्रताप सिंह खिलाड़ियों व छात्राओं को उत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य उदय प्रताप सिंह ने किया। प्रधानाचार्य रुद्र प्रताप सिंह, समन्वयक रवि कुमार सिंह मौजूद रहे। संवाद


my city सुल्तान...


## फर्राटा दौड़ में मानवी और अव्यांश अव्वल

### शिवव्रत सिंह चिल्ड्रेन एकेडमी में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन

संवाद न्यूज एजेंसी



शिवव्रत सिंह चिल्ड्रेन एकेडमी अरगूपुर में आयोजित खेल प्रतियोगिता के समापन पर बृहस्पतिवार को खुशी जताते विजयी प्रतिभागी। संवाद


my city शनिवार • 24.12.2022 सुल्तानपुर अमर उजाला amarujala.com/lucknow 3


## स्मार्टफोन से ऑनलाइन क्लास में सुविधा

### ...नाथ पीजी कॉलेज में 3753 विद्यार्थियों को मिले स्मार्टफोन





### 165 छात्राओं को मिले स्मार्टफोन



### ब्लॉक प्रमुख ने 144 विद्यार्थियों को दिए स्मार्टफोन



Admission Form No ………………… Admission No. …………………

# SHRI VISHWANATH COLLEGE OF POLYTECHNIC (2741)KALAN, SULTANPUR (U.P.) 228172

Board Of Technical Education, Lucknow (U.P.)

## ADMISSION FORM

***(To be filled by the Applicant)***

Session 20…..20…..

Paste Recent Applicant's Photograph

**Branch Applied For ………………………………………………..................**

Mode of Admission : JEECUP ☐ Direct ☐

(Signature of Student)

JEECUP Roll No……………………… JEECUP Rank ……………………….

1. Name (in English) ……………………………………………………………………………………………
2. Name (in Hindi) ……………………………………………………………………………………...

3. Date of Birth : (DD/MM/YYY) ☐☐ ☐☐ ☐☐☐☐

4. Gender (Male/Female) ………………………………………

5. Mobile No. (1)-: ………………………………...…….Mobile No. (2) -: ……………………………………………

6. E-mail ID -: ……………………………………………...…….. Aadhar No-: ………… ……………. ………...

7 Category (Gen./OBC/SC/ST/PH/MINORTY/EWS)……………………….. Sub Category -: ……………………………………

8. Father's Name -: ……………………………………………….... Mobile No -: …………………………………

9. Mother's Name -: ……………………………………………...Mobile No -: …………………………………

10. Permanent Adress -: ………………………………… ………Tehsil -: …………………………………………

District ………………………………………Pin Code …………………… State ……………….................

11. Correspondence Adress -: ………………………………… ………Tehsil -: ……………………………………

District ………………………………………Pin Code …………………… State ……………….........

11. Educational Qualification :

| Sr No. | Name Of the Exam Passed | Year Of Passing | Name Of The Board/University | Roll No. | Max Mark | Obtained Marks | %age | Division | Subject /Stream |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |

12. Name of Local Guardian ……………………………………………….Relationship…………………………………………………

13. Address…………………………… District…………………………State…………………………………..

Pin Code …………………………………

14. Mobile No. ………………………………………………… E-Mail………………………………………………………………………….

## Declaration By The Student -:

I Declare that all information in this application is complete, factually and honestly correct. I promise to fulfill minimum 75% attendance in all the classes throughout my academic session. I shall remain disciplined in the college campus. I also promise that I will not indulge in any unlawful activities including ragging. In failing so, college has right to make action against me and I will honor the same.

**Signature of students**

**Date …………………**

**Place…………………**

## For Office Use only

| | |
|---|---|
| **Highschool Marksheet** ☐ | **Intermediate/ITI Marksheet** ☐ |
| **TC/CC** ☐ | **Cast Certificate** ☐ |
| **Domicile Certificate** ☐ | **Income Certificate** ☐ |
| **Medical Certificate** ☐ | **Councelling Letter** ☐ |

**Signature**

## खेल प्रतियोगिता





## सांस्कृतिक कार्यक्रम





## कर्मचारी सम्मान समारोह







## संगोष्ठी






# अन्य संस्थान



श्री विश्वनाथ पी० जी० कालेज कलान, सुल्तानपुर
सम्पर्क सूत्र - 9452071394




श्री विश्वनाथ कालेज ऑफ फार्मेसी, कलान,सुल्तानपुर
सम्पर्क सूत्र - 9450044254



शिवब्रत सिंह चिल्ड्रेन एकेडमी, अर्गुपुर कलां, जौनपुर
सम्पर्क सूत्र - 9452071394



श्री विश्वनाथ इण्टर कालेज, कलान, सुल्तानपुर
सम्पर्क सूत्र - 9452071394



श्री विश्वनाथ निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कलान, सुल्तानपुर
सम्पर्क सूत्र - 8189009009




पार्वती महिला महाविद्यालय, कलान, सुल्तानपुर
सम्पर्क सूत्र - 7398057168



श्री विश्वनाथ शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान,कलान, सुल्तानपुर
सम्पर्क सूत्र - 7398057168



नर्सिगं,पैरामेडिकल कालेज, (प्रस्तावित)